भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : *44

सोमवार, 24 जुलाई, 2023 (श्रावण 2, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

गुरूग्राम में हेलीपोर्ट

***44. श्री कार्तिकेय शर्मा:**
क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुरूग्राम में एक हेलीपोर्ट के निर्माण, जिसमें एक सौ व्यक्तियों को समायोजित करने वाला टर्मिनल, विभिन्न हैंगर और एक कार्यशाला बनाने की योजना शामिल है, का उद्देश्य और उसकी समय-सीमा क्या है, और उसके लिए कितनी निधि आवंटित की गई है; और

(ख) इस क्षेत्र में संभावित आर्थिक और अवसंरचनात्मक लाभ का जो लक्ष्य रखा गया है उनसे संबंधित आँकड़े क्या हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख): एक वक्तव्य सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"गुरुग्राम में हेलीपोर्ट" के संबंध में राज्य सभा के दिनांक 24.07.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या 44 के उत्तर के संबंध में दिया जाने वाला वक्तव्य।

(क) : हरियाणा सरकार द्वारा, पवन हंस लिमिटेड, जो केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है, के परामर्श से गुरुग्राम में एक हेलीहब/हेलीपोर्ट के विकास की योजना बनाई जा रही है। हरियाणा सरकार द्वारा स्थान का चयन किया जा रहा है और पवन हंस लिमिटेड द्वारा व्यवहार्यता सर्वेक्षण किया जा रहा है।

(ख) : गुरुग्राम में हेली-हब का विकास, हरियाणा राज्य के विभिन्न हिस्सों के निवासियों का, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ हेलीकॉप्टर संपर्क प्रदान करेगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी होने से, राज्य में उद्योग के विकास के साथ-साथ राज्य के व्यापारिक हित लाभान्वित होंगे और कारपोरेट गतिविधियों की कुशलता बढ़ेगी। इससे क्षेत्र में हेलीकॉप्टर एमआरओ उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

****